प्रेषिका,

नित्या पाण्डेय
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
फतेहपुर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश
जनपद न्यायालय
फतेहपुर।

विषय— माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा सम्पत्ति विवरण के सम्बन्ध में आनलाइन पोर्टल पर व पूर्व में लगायी गयी आपत्तियों के अनुक्रम में न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण की तिथि पर व वित्तीय वर्ष 2009—11, 2011—13, 2013—15, 2015—17, 2017—19 तक आफलाइन माध्यम से व वर्ष 2019—21, 2021—23 तक का आनलाइन मोड से चल व अचल सम्पत्ति का विवरण निर्धारित प्रारुप पर प्रेषण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सादर निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि—20.04.2009 को तथा वित्तीय वर्ष 2009—11, 2011—13, 2013—15, 2015—17, 2017—19 तक का चल अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र में वर्णित स्तम्भानुसार बचत खातों, एफ.डी.आर. एन.एस.सी. पी.पी.एफ. पी.एल.आई. व अन्य स्त्रोतो आदि का विवरण निर्धारित प्रारुप में भरकर इसके पूर्व माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक—14285/IV —3602/एडमिन (ए) दिनांकित 27.10.2015, पत्रांक—12430/IV —3602/एडमिन (ए) दिनांकित 31.08.2019 की आपत्तियो का निवारण करते हुए ऑफलाइन माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है।

महोदय निवेदन यह भी है कि ऑनलाइन पोर्टल पर लगाई गयी आपत्ति के अनुपालन में वर्ष 2019—21 तथा 2021—23 तक का चल व अचल सम्पत्ति का विवरण ऑनलाइन माध्यम से पुनः निर्धारित प्रारूप पर भरकर प्रेषित किया जा रहा है।

महोदय सादर यह भी अवगत कराना है कि इसके पूर्व दिनांक 04.09.2015 को प्रार्थिनी द्वारा सेवा में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 20.04.2009 से लेकर 2014—15 तक का चल व अचल सम्पत्ति विवरण व 2015 से लेकर 2019 तक का चल अचल सम्पत्ति का विवरण दिनांक 08.07.2019 को आफलाइन माध्यम से तथा वर्ष 2021 में 2018—20 तक का चल अचल सम्पत्ति का विवरण आनलाइन मोड से प्रेषित किया गया था, उक्त प्रेषित सम्पत्ति विवरण पर लगायी गयी आपत्तियों का निवारण करते हुए प्रार्थिनी पुनः प्रेषित कर रही है।

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में समय से चल व अचल सम्पत्ति का विवरण प्रार्थिनी का वर्ष 2009—10 में मातृत्व अवकाश पर रहने, तत्पश्चात कार्य की अधिकता व कुछ पारिवारिक परेशानियों व शारीरिक अस्वस्थता के कारण प्रेषित नहीं किया जा सका था। प्रार्थिनी द्वारा जानबूझ कर मनमाने पूर्ण तरीके से सम्पत्ति विवरण प्रेषित करने में कोई अवज्ञा कारित नहीं की गयी है तथा प्रार्थिनी भविष्य में समय से सम्पत्ति विवरण प्रेषित करती रहेगी फिर भी यदि सम्पत्ति विवरण प्रेषित करने में कुछ विलम्ब हुआ है, तो प्रार्थिनी उसके लिए क्षमा प्रार्थिनी है।

अतः प्रार्थिनी उपरोक्त विषयक चल व अचल सम्पत्तियों का विवरण माननीय महोदय के समक्ष अवलोकनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित कर रही है।

सादर।

दिनांक—05.02.2024

भवदीया

05/02/24

नित्या पाण्डेय
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
फतेहपुर।